## खबर संक्षेप

### डॉ.साहिल नरवाल बने जजपा के जिलाध्यक्ष



रादौर। जननायक जनता पार्टी की ओर से डॉ.साहिल सिंह नरवाल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष साहिल नरवाल ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए जजपा सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### इंडोनेशिया में अंतर राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन 2 को : गुप्ता



रादौर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व अग्रवाल सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय चैप्टर इकाई की ओर से दो नवंबर को जकार्ता इंडोनेशिया में अंतर राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अंतर राष्ट्रीय अग्रवाल महासम्मेलन के सह प्रवक्ता नवीन गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण, महामंत्री गोपाल गोयल, चेयरमैन सोहनलाल जिंदल तथा को-चेयरमैन आशीष अग्रवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

### मारपीट कर धर्म के खिलाफ बोले अपशब्द

यमुनानगर। साढौरा निवासी दविंदर पाल ने कस्बे के ही राजू सैनी, उसके लड़के चेतन व भतीजे जानू पर मारपीट तथा धर्म के बारे में अपशब्द बोलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा निवासी दविंदर पाल ने दी शिकायत में बताया कि वह 25 अक्टूबर को शाम चार बजे कस्बे में उसे राजू सैनी तथा उसका लड़का चेतन मिल गए। उन्होंने कहासुनी होने पर मारपीट की व अपशब्द बोले।

## निगम के हर वार्ड में करवाए जा रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्य : मेयर

# वार्ड 8 और 18 में 46.85 लाख रुपये से बनेंगी गलियां

### मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड 18 व 8 में विकास कार्यों का शिलान्यास किया

- वार्ड 18 की नंदा कॉलोनी में 39.88 लाख की लागत से मुख्य गली से लगती सात गलियों का निर्माण किया जाएगा

## वार्ड 8 में 6.97 लाख की लागत से नामधारी वाली गली का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने विकास कार्यों की कड़ी में बुधवार को शहर के वार्ड 18 व वार्ड 8 में विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं की भी जानकारी हासिल की।

वार्ड 18 और आठ में 46.85 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 18 की नंदा कॉलोनी में 39.88 लाख की लागत से मुख्य गली से लगती सात गलियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं, वार्ड 8 में गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज के नजदीक छोटी लाइन से रेलवे रोड तक 6.97 लाख की लागत से नामधारी वाली गली का निर्माण किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड 18 के पार्षद उज्जवल ठाकुर तथा वार्ड 8 से पार्षद विभोर पाहुजा की उपस्थिति में इन विकास कार्यों का शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर गलियों के निर्माण का शुभारंभ किया। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित निगम अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समय अवधि में नियमानुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए।



यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करतीं मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

### पक्की गलियों से राह होगी आसान

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि दोनों विकास कार्य होने से क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों को लाभ होगा। गलियां बनने से नागरिकों को आसान राह मिलेगी। साथ ही पानी निकासी की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखकर बिना भेदभाव हर वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के साथ अन्य सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। हर वार्ड में गलियों व नालियों का निर्माण करवाया जा रहा है, ताकि लोगों को अपने गंतव्यों तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही शहरवासियों को कई प्रोजेक्ट की भी सौगात मिलेगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, संध्या रावत, निगम अभियंता मृणाल जेयसवाल, जेई अरविंद कुमार, जेई अजय कुमार, संदीप बजाज, दीपक, सिदक कुमार, पारुल खन्ना आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता।

# साइबर क्राइम रोकने में एआई से मिलेगी मदद : रजनीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई में बुधवार को एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता की ओर से साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्लास्को लेबोरेट्री प्राइवेट लिमिटेड से आए रजनीश कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता शामिल होकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया।

व्याख्यान के दौरान रजनीश कुमार ने बताया कि आज के समय में जब हमारा अधिकतर कार्य ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है, तो साइबर सुरक्षा का महत्व अत्यंत बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कैसे साइबर हमलों की पहचान करने, खतरों का पूर्वानुमान लगाने, डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने व नेटवर्क की निरंतर निगरानी करने में सहायता करती है। रजनीश कुमार ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया।

संस्थान के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं को समझने में भी मदद करते हैं।

# आर्म्ड फोर्सेज में भर्ती के लिए युवाओं का किया मार्गदर्शन, परीक्षा और चयन प्रक्रिया की दी जानकारी

- डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में हुआ विशेष सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में बुधवार को छात्रों को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने हेतु एक दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के वार्तर ऑफिसर विजय कुमार बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

वार्तर ऑफिसर विजय कुमार ने कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्म्ड फोर्सेज में भर्ती की प्रक्रिया, परीक्षा एवं चयन मापदंड, साक्षात्कार में पूछे जाने वाले प्रश्नों तथा अग्निवीर योजना के अंतर्गत होने वाली भर्तियों की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाहबाद, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर आदि क्षेत्रों के बहुत कम युवा भारतीय सेना में शामिल होते हैं। इसलिए इस दिशा में युवाओं को अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनडीए में शामिल होने की प्रेरणा दी तथा उसकी तैयारी के प्रभावी तरीकों पर भी चर्चा की। विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विजय कुमार ने किया।



यमुनानगर। डीएवी स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

### ऐसे सत्र की जरूरत

*विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रेरक सत्र युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन व समर्पण की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने विजय कुमार का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद किया तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।*

*विश्व मानव रूहानी केंद्र द्वारा महाराज बलजीत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में लगा स्वास्थ्य शिविर*

# गांव टोपरा कलां में लगे शिविर में 72 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

- 30 अक्टूबर को गांव फोक्शा और 31 अक्टूबर को गांव जमालपुर में ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महाराज बलजीत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में विश्व मानव रूहानी केंद्र की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गांव टोपरा कलां में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर प्रिंस शर्मा ने 72 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

विश्व मानव रूहानी केंद्र नवानगर सचिव हरजीत कौर ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर लगाने का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवानी है। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर को गांव फोक्शा, 31 अक्टूबर को गांव जमालपुर में ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया जायेगा। शिविरों का आयोजन महाराज बलजीत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में करवाया जा रहा है।




यमुनानगर। गांव टोपरा कला में आयोजित शिविर में मरीजों की जांच करते डॉक्टर।

# 17 लोगों ने घर में घुसकर युवक पर बोला हमला

- पुलिस ने नौ आरोपियों को नामजद करते हुए आठ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की नई आबादी कैंप कॉलोनी में रंजिश के चलते करीब डेढ़ दर्जन युवकों ने घर में घुसकर युवक पर हमला कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद नौ आरोपियों को नामजद करते हुए आठ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नई आबादी कैंप कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार ने गांधीनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले शिवम व डिंपल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझाकर मामला शांत करवा दिया था मगर उसके बाद से शिवम व डिंपल उससे रंजिश रखने लगे। कृष्ण कुमार ने बताया कि 26 अक्टूबर को रात नौ बजे वह घर पर मौजूद था। इस दौरान शिवम व डिंपल अपने साथियों ध्रुव, मनमोहन सिंह, संजय अरोड़ा, मोहित मेहंदीरत्ता, सन्नी, भारत, जतिन जाट तथा आठ अन्य युवकों के साथ मिलकर उनके घर में घुस गया। आरोपियों ने आते ही उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

# सही डाटा प्रबंधन से प्रभावी योजना व साक्ष्य आधारित निर्णय लेना संभव : प्रो.छाबड़ा

- विश्व सांख्यिकी दिवस पर किया डाटा हैंडलिंग विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरुनानक खालसा कॉलेज में बुधवार को विश्व सांख्यिकी दिवस के मौके पर डाटा हैंडलिंग विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रो. आशा छाबड़ा ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

प्रो. छाबड़ा ने बताया कि सांख्यिकी नीति निर्माण, नवाचार और विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में डाटा के संग्रह, विश्लेषण और व्याख्यान के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि सही तरीके से डाटा का प्रबंधन करने से प्रभावी योजना एवं साक्ष्य आधारित निर्णय लेना संभव हो पाता है।

विभागाध्यक्ष प्रो.गुरविंदर कौर ने कहा कि ऐसे व्याख्यानों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांख्यिकी के वास्तविक जीवन में प्रयोगों से परिचित कराना और उनमें विश्लेषणात्मक सोच विकसित करना है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अरविंद्र सिंह भल्ला ने कहा कि सांख्यिकीय ज्ञान अनुसंधान एवं नवाचार में अहम भूमिका निभाता है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रभावी नीति-निर्माण में सहायक है। कॉलेज प्रबंध समिति एवं गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष सरदार रंदीप सिंह जौहर ने विभाग को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को डेटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



यमुनानगर। गुरुनानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जानकारी साझा करते वक्ता।

# वल्लभ भाई पटेल जयंती पर 31 को होगी रन फॉर यूनिटी

- सुबह 7 बजे दशहरा ग्राउंड मॉडल टाउन से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को यमुनानगर में हरियाणा उदय अभियान के अंतर्गत रन फॉर यूनिटी का आयोजन सुबह 7 बजे दशहरा ग्राउंड मॉडल टाउन में किया जाएगा। देश की एकता और अखंडता को समर्पित इस दौड़ में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि रन फॉर यूनिटी दशहरा ग्राउंड मॉडल टाउन से सुबह 7 बजे शुरू होकर मेला सिंह चौक होते हुए प्यारा चौक से मधु चौक होते हुए एसपी कोठी के सामने से दशहरा ग्राउंड में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी रन फॉर यूनिटी में यमुनानगर के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस आयोजन के माध्यम से जिलावासी एकजुट होकर देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संकल्प लेंगे।



- यमुनानगर में होने वाली रन फॉर यूनिटी की जानकारी देते उपायुक्त।

## प्रतिभा | आओ बनिए गुरसिख प्यारा क्विज में जीतकर बढ़ाया हरियाणा का मान

### पंजाबी टीवी शो में हरियाणा के इकलौते प्रतिभागी ने दिखाया कमाल

# गुरमत क्विज में यमुनानगर के हरकीरत सिंह अनमोल बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु तेग बहादुर जी के 350 साला शहीदी शताब्दी को समर्पित विश्व प्रसिद्ध टीवी कार्यक्रम गुरमत क्विज शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा के सीजन-37 में यमुनानगर के हरकीरत सिंह अनमोल ने विजेता का खिताब अपने नाम कर हरियाणा का मान बढ़ाया है। अनमोल की इस उपलब्धि पर गुरु मान्यो ग्रंथ सेवा सोसायटी व गुरुद्वारा जब्बी वाला की प्रबंधक कमेटी ने सम्मानित किया।

गौरतलब है कि हरियाणा से अनमोल इस क्विज में अकेले प्रतिभागी थे और इस प्रोग्राम में अनमोल ने ऑनलाइन सिलेक्शन टेस्ट द्वारा क्विज के लिए क्वालीफाई किया। यह एपिसोड रविवार 26 अक्टूबर को चढ़दीकला टाइम टीवी चैनल पर सुबह 10:30 बजे प्रसारित हुआ। हरकीरत सिंह अनमोल ने बताया कि वे अपनी जॉब के साथ-साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पाठ करना, इतिहास के बारे में जानकारी हासिल करना, कीर्तन करना, इनोवेटिव खेल के माध्यम से संगत को इतिहास की जानकारी प्रदान करने का विशेष शौक रखते हैं। सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गुरु मान्यो ग्रंथ सेवा सोसायटी व गुरुद्वारा जब्बी वाला की प्रबंधक कमेटी ने हरकीरत सिंह अनमोल को सिरोपा भेंट कर व सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवापंथी अड्डणनशाही सभा व संत निश्चल सिंह संतपुरा यमुनानगर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत करमजीत सिंह सेवापंथी ने हरकीरत सिंह व उसके परिवार को आशीर्वाद देते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सारी संगत को भी अपने बच्चों को ऐसे प्रोग्रामों में भेजना चाहिए।



यमुनानगर के हरकीरत सिंह अनमोल आओ बनिए गुरसिख प्यारा क्विज में हुई जीत पर खुशी जताते हुए।

### तीन महीने की थी तैयारी

उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि उन्हें इस विश्वव्यापी गुरमत क्विज मुकाबले में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता की लगभग पिछले तीन महीने से तैयारी करते-करते गुरु इतिहास के बारे में बहुत नई-नई जानकारियां मिली। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भी इस तरह के गुरमत मुकाबले से जुड़ें और अपने बच्चों को भी छोटी उम्र से ही जोड़ें ताकि वे भी सिख इतिहास और गुरबाणी से जुड़कर एक अच्छी गुरसंगत कायम कर सकें।

# कुरुक्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के 52 विद्यार्थी जाएंगे मनाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परियोजना संयोजक इंदु कौशिक ने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं समग्र शिक्षा कार्यालय जिला कुरुक्षेत्र के 50 विद्यार्थी व दो एस्कॉर्ट टीचर मनाली शिविर के लिए नए बस अड्डे कुरुक्षेत्र से हुए रवाना हुए है।

जिला परियोजना संयोजक इंदु कौशिक ने बच्चों व अध्यापकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। सभी बच्चों को अनुशासन में रहकर प्रकृति का अध्ययन कर और अपना चंहुमुखी विकास करने के लिए विस्तार से जानकारी दी। जिला परियोजना सहायक राजेश कुमार ने बच्चों को अच्छी प्रकार से कैंप में रहने के साथ-साथ कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए और बताया कि समग्र शिक्षा कार्यालय तथा हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद इस प्रकार के कैंपों का आयोजन हर वर्ष करता आ रहा है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। यूथ एंड इको क्लब की संयोजक रेणु ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले के 50 विद्यार्थी इस कैंप में भाग लेंगे।



### यह रहे मौजूद

*इस अवसर पर समग्र शिक्षा कार्यलय से सहायक परियोजना संयोजक कांति चावला, प्रदीप कुमार, डॉ कृष्णा कुमारी व महेन्द्र सिंह ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद देकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। इस मौके पर एस्कॉर्ट टीचर रेखा शर्मा, सुल्तान कुमार, व यूथ एंड इको क्लब की सदस्य पूजा, विवेक पर उपस्थित रहे।*

## रत्नावली महोत्सव : राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समारोह के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने जीता दर्शकों का दिल

# फैशन शो में झलकी हरियाणा की परंपराएं और संस्कृति



छात्र-छात्राओं ने हरियाणा के लोक परिधानों को रत्नावली के रैंप पर नवीन स्वरूप में प्रस्तुत किया, पूरे सभागार में तालियों और उत्साह की गूंज रही, जब प्रतिभागियों ने हरियाणा की लोक संस्कृति और पारंपरिक परिधानों की झलक पेश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा रत्नावली राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समारोह के दूसरे दिन हरियाणवी फैशन शो में हरियाणा की परंपराएं और संस्कृति की झलकी दिखाई दी। हरियाणवी फैशन शो में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर हरियाणा के लोक परिधानों को रत्नावली के रैंप पर नवीन स्वरूप में प्रस्तुत किया। हरियाणवी फैशन शो ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे सभागार में तालियों और उत्साह की गूंज रही, जब प्रतिभागियों ने मंच पर हरियाणा की लोक संस्कृति और पारंपरिक परिधानों की झलक पेश की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मागदर्शन में हरियाणा के लोक परिधानों को नये स्वरूप में रत्नावली के मंच पर प्रस्तुत कर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग ने हरियाणा की संस्कृति को एक कदम और आगे बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के लोक परिधानों को पहनने की परंपरा धीरे-धीरे कम हो रही है। इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए हरियाणवी लोक परिधानों के लिए फैशन शो का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें आई.जी. महिला महाविद्यालय कैथल, महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना, गवर्नमेंट कॉलेज जींद, श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, आर.के.एस.डी कॉलेज कैथल, के.यू. कैंपस कुरुक्षेत्र और एस.आई.ए.एस.टी. कुरुक्षेत्र शामिल रहे।


### ताऊ बलजीत की जलेबी बनी आकर्षण का केंद्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे रत्नावली महोत्सव में इस बार जहाँ एक ओर हरियाणवी संस्कृति के रंग-रूप, लोकगीत और नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं दूसरी ओर स्वाद का संगम बना ताऊ बालजीत की गोहाना वाली जलेबी का स्टॉल। हरियाणवी में कहा भी जाता है रत्नावली में जलेबी ना हो, तो मेला अधूरा सा लागे। ऐसे में ताऊ बलजीत, जो वर्ष 1960 से गोहाना की प्रसिद्ध जलेबी बना रहे हैं, इस बार भी अपने अनोखे स्वाद से लोगों का दिल जीतते नजर आए। रत्नावली के दौरान उनके स्टॉल पर लोगों की भारी भीड़ रही बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी ने ताऊ बालजीत की जलेबी का स्वाद चखकर मुस्कुराते हुए कहा मोटी खमीर, सुनहरी रंगत -ताऊ बालजीत की जलेबी, हरियाणा की शान बनत! रत्नावली महोत्सव में इस बार फिर यह साबित हुआ कि हरियाणा की संस्कृति के संग ताऊ बलजीत की जलेबी का स्वाद अब इस उत्सव का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

### देसा म्हे देस हरियाणा जित दूध दही का खाणाः ललित बतरा

*कुरुक्षेत्र। देसा म्हे देस हरियाणा जित दूध दही का खाणा ऐसा है हमारा हरियाणा। हरियाणा की बोली सबसे मीठी है। यहां का खान-पान और रहन-सहन सबसे सात्विक है। हरियाणा की बाजरे की खिचड़ी, रोटी, चूरमा, लस्सी सबसे निराली है। यह विचार हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चैयरमेन ललित बतरा ने रत्नावली महोत्सव के दूसरे दिन जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित किए जा रहे मीडिया चौपाल में व्यक्त किए। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया के हरियाणवी भाषा, रहन-सहन व परिवेश को लेकर किए प्रश्नों का जवाब देते हुए मीडिया चौपाल में हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चैयरमेन ललित बतरा ने हरियाणवी बोली, रहन-सहन, खान पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि हरियाणवी बोली को बोलने में अलग ही मजा आता है। जबसे आईपीएल की कमेंट्री हरियाणवी भाषा में शुरू हुई है तब से आईपीएल देखने का मजा दोगुना हो गया है।*



### पर्यटकों ने लिया इडली तड़का फ्रैंक रोल और श्रीखंड का स्वाद



रत्नावली महाकुंभ में इस बार स्वाद और संस्कृति का संगम देखने को मिला। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल्स पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए न केवल विद्यार्थी बल्कि कई पर्यटक भी पहुंचे। छात्रों ने दक्षिण भारतीय इडली तड़का, फ्रैंक रोल और श्रीखंड जैसे आकर्षक व्यंजन प्रस्तुत किए, जिनकी खुशबू और स्वाद ने सभी को अपनी ओर खींच लिया। इन स्टॉल पर ग्राहकों की लंबी कतारें भी लगी रहीं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि ह्यटूरिज्म और होटल मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों की इस तरह की गतिविधियां उन्हें भविष्य के होटल उद्योग के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उन्होंने न केवल फूड प्रेजेंटेशन और सर्विस मैनेजमेंट सीखा, बल्कि ग्राहकों से व्यवहार और टीमवर्क का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. राहुल, डॉ. महेश, डॉ. संदीप तथा शैफ अमित एवं गौरव ने बताया कि रत्नावली समारोह में पहली बार श्रीखंड, इडली तड़का व फ्रैंक रोल को व्यंजनों में शामिल किया गया है।

## एमबीए छात्रों ने लगाए गोलगप्पे, कोल्ड कॉफी, सैंडविच और दही बल्ले के स्टॉल

- कुलपति सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आत्मनिर्भरता के गुर सीख रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आत्मनिर्भरता के गुर सीख रहे हैं। जिससे विद्यार्थी आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं। रत्नावली के मेले में केयू एमबीए विभाग के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए गोलगप्पे, कोल्ड कॉफी, सैंडविच और दही बल्ले के स्टॉल का पर्यटकों ने खूब स्वाद चखा और विद्यार्थियों की सराहना की।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया स्टॉल।

### पर्यटकों ने व्यंजनों को खूब सराहा

इस अवसर पर एमबीए के विद्यार्थी प्रयास, सागर, हर्षिल ने बताया कि उन्होंने पहली बार रत्नावली मेले में इन व्यंजनों की स्टॉल लगाई है तथा पर्यटकों ने भी उनके व्यंजनों को खूब सराहा। उन्होंने बताया कि यूट्यूब के द्वारा सीखकर उनके मन में इस प्रकार का विचार आया। उन्होंने बताया कि पहले दिन उनकी बिक्री 15हजार रुपए तक हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस काम को लेकर टीम रूप में काम करने की योजना बना रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने कहा कि इन प्रयासों से ही विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, सकारात्मकता एवं व्यवहारिक सोच के गुर पैदा होते है तथा इससे वे वास्तविक व्यावसायिक अनुभव से भी जुड़ते हैं।



### महोत्वस में केयू यूथ रेडक्रॉस ने दी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू यूथ रेडक्रॉस यूनिट ने रत्नावली समारोह के दौरान सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर समारोह में आने वाले पर्यटकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक किया। फील्ड कोऑर्डिनेटर डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर यूथ रेडक्रॉस प्रो. दिनेश राणा के निर्देशन में लगाए गए इस स्टॉल पर प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, पोष्टिक भोजन तथा योग की जानकारी दी गई जिसका अब तक सैंकड़ों पर्यटकों एवं विद्यार्थियों ने लाभ उठाया। उन्होंने पर्यटकों व दर्शकों को चोट लगने, जलने या बेहोशी की स्थिति में की जाने वाली प्राथमिक देखभाल की तकनीकें सिखाई गईं। वहीं पर्यटकों ने भी यूथ रेडक्रॉस टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है।*



### हरियाणवी बोली खड़ी है लेकिन मीठी हैः प्रो. दीप्ति धमाणीं

*रत्नावली महोत्सव के दूसरे दिन जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित किए जा रहे मीडिया चौपाल में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धमाणीं ने कहा कि हरियाणवी बोली खड़ी है लेकिन मीठी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने हरियाणवी बोली को भाषा के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। रत्नावली समारोह के माध्यम से हरियाणवी लोक संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा रही है। रत्नावली समारोह किसी परिचय का मोहताज नहीं है। यही कारण है युवा कलाकारों को आगे बढ़ने के लिए बड़ा मंच मिल रहा है।*

## उत्तर भारत विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में राजकीय कन्या विद्यालय पिहोवा प्रथम

- राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय कुरुक्षेत्र के परिसर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के परिसर में जिला स्तरीय उत्तर भारत विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी खंडों से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने सहभागिता की। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि विज्ञान नाटक विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सृजनात्मकता तथा संप्रेषण कौशल को विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय किरमच, राजकीय विद्यालय रामशरण माजरा, राजकीय विद्यालय हरिपुर, राजकीय कन्या विद्यालय पिहोवा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन और आदर्श विद्यालय बरगट की टीमों ने शानदार प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में नीरज आश्री तथा राजेंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेहवा की टीम को प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच को द्वितीय स्थान तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन को तृतीय स्थान प्रदान किया।



### शहीद मनदीप सिंह को पुण्यतिथि पर किया याद

**कुरुक्षेत्र।** शहीद मनदीप सिंह की 9वीं पुण्यतिथि पर सूबेदार मेजर रविन्द्र कौशिक व अन्य पूर्व सैनिकों ने गांव अंटेडी में जाकर शहीद मनदीप सिंह के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद की पत्नी प्रेरणा देवी व उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सूबेदार मेजर रविन्द्र कौशिक ने वीर नारी को सैल्यूट करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान के साथ उनके परिवार का बलिदान सबसे बड़ा बलिदान है, जिसमे शहीद की मां और पत्नी के धैर्य की बड़ी परीक्षा होती है। गोद में छोटी सी बेटी को लिए जब वीर नारी शहीद स्मारक पर पहुंची, तो सब का मन भावुक हो गया। अंत में भारत माता के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा।

## मांगों को लेकर भाकियू का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- धान में घोटाले का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सीएम आवास के नजदीक प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का एक ज्ञापन सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा। बुधवार सुबह 11 बजे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले सभी किसान देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए। किसानों के एकत्रित होने पर पुलिस प्रशासन भी अर्लट रहा। सीएम आवास के समक्ष भारी पुलिस बल तैनात रहा। देवीलाल पार्क में किसानों को संबोधित करते हुए भाकियू के राष्टीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने आरोप लगाया कि हरियाणा में धान घोटाला चल रहा है। उन्होंने मांग की थी कि सैलरों की फिजिकल वेरीफिकेशन की जाए, फिजिकल वेरीफिकेशन करने वाले अधिकारियों के साथ उनके भी दो आदमी किसान यूनियन के साथ रखे जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कहा कि फिजिकल वेरीफिकेशन तो हो रही है लेकिन यूनियन के दो आदमी साथ नही रखे गए है। कहा कि जो राईस मिल में अवैध चावल रखा है या धान के जो पर्चे कटे है उससे बहुत कम पाया जा रहा है, दोनों चीजों पर कोई कार्रवाई नही हो रही है। बस इतना हो गया है कि हमारे शोर-शराबा करने से अधिकारियों की फीस बढ़ गई है। इसके अलावा हमें बदनाम करने के लिए करनाल जिले की सभी मंडिया बंद कर दी गई है।



**कुरुक्षेत्र।** जिदंल चौक के समीप धरने पर बैठे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व अन्य किसान।

### जिंदल चौक पर धरना

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे किसान पैदल मार्च निकाल रोष जताते हुए सीएम आवास की ओर रवाना हुए। पुलिस ने सीएम आवास से कुछ दूरी पर जिंदल चौक पर बेरिगेट लगाकर किसानों को रोक लिया। किसानों ने वही दरियां बिछाकर धरना दे दिया और पुलिस प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम थानेसर को भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि अनाज मंडियों में जल्द से जल्द खरीद शुरू की जाए। गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी, मंडी कर्मी और सेलर मालिक आपस में मिले हुए हैं। मंडी से बाहर जाने वाले धान का कोई ठोस रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा, ताकि दूसरे प्रदेशों से मंगवाकर उसे सरकारी खरीद में मिलाया जा सके।



**पिहोवा।** श्रद्धालुओं पर प्रवचनों की अमृत वर्षा करते एवं गौमाता को चारा व गुड़ खिलाते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

### गोमाता में निहित सनातन संस्कृति की दिव्यता और देवत्व : स्वामी ज्ञानानंद

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा गौशाला में गोपाष्टमी का पावन पर्व अत्यंत भव्यता और श्रद्धा से मनाया गया। प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में आरंभ हुई प्रभातफेरी श्री कृष्ण कृपा मंदिर से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गौशाला पहुँची। मार्ग में गोसेवकों ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा से प्रभातफेरी का स्वागत किया। वातावरण ह्लजय गोमाताह्व, ह्लहरि नाम संकीर्तनह्व और भक्ति रस से सराबोर हो उठा। गौशाला पहुँचकर गोभक्तों ने गोमाता का पूजन किया, गुड़ और ग्रास का भोग अर्पित किया, तथा प्रेमपूर्वक आरती उतारी। मंच पर विभिन्न भक्तगायकों ने भजन प्रस्तुत कर भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम रचा। गौशाला के प्रमुख सेवादार जगदीश तनेजा ने बताया कि कार्तिक मास के समापन पर 5 नवंबर को श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा एक विशेष प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा, जो मां सरस्वती के पावन तट से प्रारंभ होकर श्री कृष्ण कृपा मंदिर तक जाएगी। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**धर्म-कर्म** कार्तिक मॉस के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है त्योहार

# श्रीगोपाष्टमी पर्व गोमाता की कृपा से देता है सुख-समृद्धि : आचार्य मिश्रा

यह पर्व ब्रज प्रदेश का मुख्य त्योहार, गाय आधिदैविक, अधिदैहिक एवं आधिभौतिक तीनों तापों का नाश करने में सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन,पिपली के अध्यक्ष व श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मॉस के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी के नाम जाना जाता है। यह पर्व गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। यह पर्व ब्रज प्रदेश का मुख्य त्यौहार है। गोपाष्टमी पर्व अर्थात गायों की रक्षा, संवर्धन एवं उनकी सेवा के संकल्प का ऐसा महापर्व जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि को पोषण प्रदान करने वाली गाय माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु गाय-बछड़ों का पूजन किया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने जिस दिन से गौ चारण शुरू किया वह शुभ दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी का दिन था। इसी दिन से गोपाष्टमी पर्व का प्रारम्भ हुआ। उन्होंने बताया कि गौ अथवा गाय भारतीय संस्कृति का प्राण मानी जाती है। इसे बहुत ही पवित्र तथा पूज्यनीय माना जाता है। मानव जाति की समृद्धि गाय की समृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर लोगों गौ माता का पूजन-परिक्रमा कर विश्व की मंगल कामना की प्रार्थना करते है। गाय आधिदैविक, अधिदैहिक एवं आधिभौतिक तीनों तापों का नाश करने में सक्षम है। इसी कारण अमृत तुल्य दूध, दही, घी, गोमूत्र, गोमय तथा गोरोचन-जैसी अमूल्य वस्तुएं प्रदान करने वाली गाय को शास्त्रों में सर्व सुख प्रदायक कहा गया है।

### गाय की पूजा करें और श्रेष्ठ पुण्य कमाएं



गोपाष्टमी के दिन प्रातःकाल में ही गायों को स्नान आदि कराया जाता है और गऊ माता को मेहंदी, हल्दी, रोली के थापे लगाए जाते हैं। इस दिन बछड़े सहित गाय की पूजा करने का विधान है। धूप, दीप, गंध, पुष्प, अक्षत, रोली, गुड़, वस्त्र आदि से गायों का पूजन किया जाता है और आरती उतारी जाती है। इसके बाद गायों को गो-ग्रास दिया जाता हैं। पौराणिक मान्यता है कि गाय की परिक्रमा करके गायों के साथ कुछ दूरी तक चलना भी चाहिए। ऐसा कर उनकी चरण रज को माथे पर लगाने से सुख- सौभाग्य में वृद्धि होती है। गाय की रक्षा एवं पूजन करने वालों पर सदैव भगवान श्री विष्णु की कृपा बनी रहती है। तीर्थों में स्नान-दान करने से, ब्राह्मणों को भोजन कराने से, व्रत-उपवास और जप-तप व हवन-यज्ञ करने से जो पुण्य मिलता है वहीं पुण्य गौ को चारा या हरी घास खिलाने अथवा किसी भी रूप में गाय की सेवा करने से प्राप्त हो जाता है। सनातन धर्म में गौ सेवा को उत्तम माना गया है।

### महादेव गोशाला में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** महादेव गोशाला में गोपाष्टमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संदर्भ में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता हुई जिसमें प्रधान सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि इस बार गोपाष्टमी उत्सव पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद का आशीर्वाद व दिव्य ज्योति संस्थान के स्वामी योगेशानंद के मार्गदर्शन में गोपाष्टमी मनाई जायेगी। इस बार विशाल रक्तदान कैंप के साथ-साथ रक्त जांच व रक्तचाप जांच एवं आयुष विश्वविद्यालय के संयोजन से मेडीकल सुपरिटेंडेंट डां राजा सिंगला द्वारा स्वास्थ्य जांच शिवर एवं अग्रवाल डेंटल क्लीनिक की ओर से दंत जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मीटिंग में गोपाष्टमी उत्सव के सह संयोजक राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि गोपाष्टमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा एक आधुनिक गोवंश विश्राम (बाड़े) का लोकार्पण करेंगे। साथ में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा बतौर विशिष्ट अतिथि गोशाला में अग्निशमन प्रणाली का लोकार्पण करेंगे। महादेव गौशाला के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता ने बताया कि गोपाष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन का एक संदेश है- सेवा, संवेदना और श्रद्धा का यह हमें सिखाता है कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी आस्था और हमारी अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। गोपाष्टमी के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अशोक चौहान गोमाता के लिए दलिया बनाने के कमरे का और ध्यान केंद्र का लोकार्पण करेंगे। गौशाला के अध्यक्ष के गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी एक नवनिर्मित गोवंश विश्राम यानी बाड़े का लोकार्पण करेंगे।

